लोक सभा अध्यक्ष ने श्री सी. राजगोपालाचारी को पुष्पांजलि अर्पित की

नई दिल्ली, 10 दिसंबर, 2023: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज संविधान सदन के केन्द्रीय कक्ष में भारत रत्न श्री सी. राजगोपालाचारी को उनकी जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की।

लोक सभा के महासचिव श्री उत्पल कुमार सिंह ने भी इस अवसर पर श्री राजगोपालाचारी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित श्री राजगोपालाचारी की जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भी भेंट की गई।

श्री राजगोपालाचारी के चित्र का अनावरण 21 अगस्त, 1978 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति श्री एन. संजीव रेड्डी द्वारा किया गया था।